'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 3rd Semester Examination, 2023

DSC1/2-P3-HINDI

आधुनिक हिंदी कविता

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) मुक्त छंद से क्या तात्पर्य है ?

(ग) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक में 'मधुमय देश' से क्या तात्पर्य है ?

(घ) अज्ञेय की प्रयोगशीलता स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'गुलाबी चूड़ियाँ' किसका प्रतीक हैं ?

(च) 'रोटी और संसद' कविता में कौन मौन हैं एवं क्यों ?

2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं ***चार*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) चूरन अमले सब जो खावैं।
दूनी रिश्वत तुरत पचावैं ॥
चूरन नाटक वाले खाते।
इसकी नकल पचा कर लाते ॥

(ख) देख-देख नाचता हृदय
बहने को महा विकल-बेकल,
इस मरोर से - इसी शोर से -
सघन घोर गुरू गहन रोर से
मुझे गगन का दिखा सघन वह छोर !
राग अमर ! अम्बर में भर निज रोर !

(ग) और मैंने एक नजर उसे देखा
छलक रहा था दूधिया वात्सल्य बड़ी-बड़ी आँखों में
तरलता हावी थी सीधे-साधे प्रश्न पर
और अब वे निगाहें फिर से हो गई सड़क की ओर
और मैंने झुककर कहा –
हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ।

(घ) एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है।

(ङ) नत मस्तक गवर् वहन करते
यौवन के घन रस कन झरते
हे लाज भरे सौंदर्य बता दो
मौन बने रहते हो क्यों ?

(च) उसके दिल की धड़कन
उस दिल की धड़कन है
भीड़ के शिकार के
सीनें में जो है।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 12×2 = 24

(क) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की राष्ट्रीय चेतना पर विचार कीजिए।

(ख) रघुवीर सहाय की राजनीतिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ग) नागार्जुन की कविता के शिल्प-पक्ष पर पकाश डालिए।

(घ) धूमिल की काव्यगत विशेषता पर आलोकपात कीजिए।

——×——